(b) The Reserve Bank has during the current busy season taken measures for the selective liberalisation of credit. There is no reason to believe that the Reserve Bank's policy has adversely affected industrial production, but the position is being reviewed from time to time and such action as may be necessary or desirable will be taken.

कोयना परियोजना

4625. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
श्री ओंकार सिंह :

क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोयना परियोजना के प्रथम एकक का उद्घाटन कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो परियोजना की प्रस्तावित क्षमता क्या है, इसमें कितने एकक होंगे, उन पर कुल कितना खर्च आयेगा ; और

(ग) किन-किन राज्यों को वहां से बिजली दी जायेगी ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (श्री फखरुद्दीन अहमद) : (क) जी, हां । कोयना पन-बिजली परियोजना, चरण–2 का प्रथम उत्पादन एकक (75 मैगावाट) 10–4–1966 को चालू किया गया था ।

(ख) तीन चरणों वाली कोयना परियोजना के उत्पादन एककों की संख्या और उनकी क्षमता निम्नलिखित है :—

पहला चरण—60–60 मैगावाट के चार उत्पादन एकक

दूसरा चरण—75–75 मैगावाट के चार उत्पादन एकक

तीसरा चरण—80–80 मैगावाट के चार उत्पादन एकक

इन तीनों चरणों की अनुमित लागत निम्नलिखित हैं:—

चरण 1—38.28 करोड़ रुपये
चरण 2—12.44 करोड़ रुपये
चरण 3—31.89 करोड़ रुपये

(ग) कोयना की बिजली केवल महाराष्ट्र राज्य को उपलब्ध होगी

कैंसर के इलाज के लिए टीका (वैक्सीन)

4626. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री बड़े :

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एक अमरीकी डाक्टर ने कैंसर के इलाज के लिए एक इंजैक्शन का आविष्कार किया है जिसके द्वारा इस रोग का उन्मूलन किया जा सकता है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या भारत में उसका प्रयोग करने का विचार है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) और (ख) बतलाया गया है कि वेने स्टेट यूनिवर्सिटी और डेट्राइट इंस्टीट्यूट आफ कैंसर रिसर्च के एक अनुसन्धान दल ने मुख्यतया रोगियों के अपने अर्बुद और खरगोश के खून से मिली-जुली कोशाओं से तैयार की गई वैक्सीन के इंजैक्शन देकर गत चार वर्षों में कुछ थोड़े से कैंसर रोगियों को ठीक करने में कुछ प्रारम्भिक सफलता प्राप्त कर ली है । कैंसर के 20 नितान्त असाध्य रोगियों का इलाज किया गया था । उनमें से दस की मृत्यु हो गई, लगता है दो पूर्ण रूप से स्वस्थ हो गये और आठ रोगियों के मामले में यह अनुभव किया गया कि उनमें अर्बुद बृद्धि या तो रुक गई है अथवा मन्द हो गई है ।